# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार – 249404

**Website-www.ukpsc.gov.in**

दूरभाष नं0 : 01334–244143

## विज्ञापन संख्या:: A-3/E-4/2021-22

## 'उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य कनिष्ठ अभियन्ता सेवा परीक्षा–2021'

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन प्रकाशन की तिथि | :: | 26 नवम्बर, 2021 |
| ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि | :: | 17 दिसम्बर, 2021 (रात्रि 11:59:59 बजे तक) |

## अति महत्वपूर्ण निर्देश

(1) अभ्यर्थी उर्ध्व एवं क्षैतिज आरक्षण से सम्बन्धित श्रेणी/उप श्रेणी का अंकन ऑनलाइन आवेदन पत्र में अवश्य करें। आरक्षण का दावा न किये जाने की दशा में रिट् याचिका (स्पेशल अपील) संख्या : 79/2010 राधा मित्तल बनाम उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग में मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल द्वारा पारित आदेश दिनांक 08.06.2010 तथा विशेष अनुज्ञा याचिका (सिविल) नं0 (एस) 19532/2010 में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के क्रम में अभ्यर्थी को आरक्षण का लाभ कदापि अनुमन्य नहीं होगा। आरक्षण विषयक प्रमाण पत्र आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि तक अभ्यर्थी द्वारा अवश्य धारित करना चाहिए।

(2) **अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि दिनांक 17 दिसम्बर, 2021 तक विज्ञापन में वर्णित समस्त अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं एवं अन्य अर्हताएं अवश्य धारित करते हों।** अभ्यर्थी की शैक्षिक अर्हता के संबंध में परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि (Result Declaration Date), वह तिथि मानी जाएगी जो अंक–पत्र निर्गत होने की तिथि (Marksheet Issuing Date) हो। अतः अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि ऑनलाइन आवेदन पत्र के शैक्षिक अर्हता (Qualification Details) के विवरण में, Result Declaration Date के कॉलम में, सम्बन्धित शैक्षिक अर्हता के अंक–पत्र निर्गत होने की तिथि (Marksheet Issuing Date) का अंकन हो। **विज्ञापन के अनुसार वांछित अर्हताओं की पुष्टि न होने पर अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी पूर्णतया अभ्यर्थी की होगी।**

(3) अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के पूर्व विज्ञापन में वर्णित समस्त निर्देशों का भली–भांति अध्ययन कर लें तथा ऑनलाइन आवेदन पत्र को सही–सही भरें। किसी भी स्थिति में अपूर्ण आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेंगे।

(4) फर्जी प्रमाण पत्रों (यथा शैक्षिक योग्यता/आयु/आरक्षण सम्बन्धी) के आधार पर आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थियों को आयोग की समस्त आगामी परीक्षाओं से अधिकतम् 05 वर्षों के लिए प्रतिवारित (Debar) कर दिया जायेगा, साथ ही सुसंगत विधि के अंतर्गत ऐसे अभ्यर्थियों के विरूद्ध अभियोग भी दर्ज कराया जा सकता है। अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश पत्र पर पृथक से कुछ भी लिखना या लिखा होना भी अनुचित साधन की श्रेणी में आयेगा।

(5) ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि के उपरान्त आवेदन पत्र में की गयी प्रविष्टियों यथा आवेदित पद, अर्हता, आरक्षण से सम्बन्धित श्रेणी/उप श्रेणी, विषय, आयु एवं परीक्षा केन्द्र इत्यादि में किसी भी प्रकार का संशोधन या परिवर्तन का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(6) उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या : 332/XXX(2)/2021/55(35)/2003 दिनांक 03 अक्टूबर, 2021 द्वारा कोविड–19 से रोजगार एवं अर्थव्यवस्था पर पड़े प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए भर्ती के लिए आमंत्रित आवेदन पत्रों हेतु लिए जाने वाले शुल्क के व्यय भार से आवेदकों को मुक्त करने हेतु दिनांक 31.03.2022 तक आवेदन शुल्क न लिए जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त के दृष्टिगत प्रश्नगत परीक्षा में आवेदकों से आवेदन शुल्क नहीं लिया जायेगा।

(7) अभ्यर्थी लिखित प्रकृति (वस्तुनिष्ठ प्रकार) परीक्षा के आयोजन हेतु नगरों की सूची के लिए **परिशिष्ट–1** तथा परीक्षा की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम के लिए **परिशिष्ट–2,** आरक्षण से संबंधित प्रमाण पत्रों के प्रारूप हेतु **परिशिष्ट–3,** श्रुतलेखक चाहने विषयक प्रपत्र के प्रारूप हेतु **परिशिष्ट–4** एवं न्यूनतम अर्हक अंक हेतु **परिशिष्ट–05** का अवलोकन अवश्य करें।

**(8)** आवेदन के इस चरण में ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रिंटआउट प्रति अथवा किसी भी अन्य प्रमाण–पत्र को आयोग कार्यालय में जमा/प्रेषित करने की आवश्यकता नहीं है। लिखित प्रकृति (वस्तुनिष्ठ प्रकार) परीक्षा में सफल घोषित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार परीक्षा से पूर्व ऑनलाइन आवेदन–पत्र में किये गये दावों की पुष्टि हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र की स्वहस्ताक्षरित प्रिंटआउट प्रति के साथ अनिवार्य शैक्षिक अर्हता, अधिमानी अर्हता, आरक्षण, अनापत्ति प्रमाण पत्र इत्यादि से संबंधित समस्त स्वहस्ताक्षरित प्रमाण–पत्रों की छायाप्रति आयोग कार्यालय द्वारा मांगे जाने पर विहित समय सीमा के अन्दर आयोग कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में अभ्यर्थन निरस्त माना जाएगा। इस संबंध में अभ्यर्थियों के सूचनार्थ विज्ञप्ति आयोग की वेबसाईट व दैनिक समाचार पत्रों में पृथक से प्रकाशित की जायेगी। **अभ्यर्थी आवेदन पत्र का प्रिंटआउट, भविष्य में आयोग से किये जाने वाले पत्राचार व अन्य आवश्यक प्रयोग/साक्ष्य हेतु अपने पास सुरक्षित रखें।**

**(9)** विज्ञापित पद पर चयन हेतु अर्ह अभ्यर्थियों के लिए लिखित प्रकृति (वस्तुनिष्ठ प्रकार) परीक्षा का आयोजन "**परिशिष्ट–1**" में उल्लिखित नगरों के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर किया जायेगा। लिखित प्रकृति (वस्तुनिष्ठ प्रकार) परीक्षा में सफल घोषित अभ्यर्थियों की साक्षात्कार परीक्षा का आयोजन उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में किया जायेगा। लिखित प्रकृति (वस्तुनिष्ठ प्रकार) परीक्षा में सफल घोषित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार परीक्षा शुल्क, साक्षात्कार दिवस को जमा करना अनिवार्य होगा।

**(10)** ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि व नियत समय तक अभ्यर्थी द्वारा "Online Application" प्रक्रिया में पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र Submit करने पर ही "Online Application" प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी। आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाने की अंतिम तिथि से पूर्व तक आवेदन पत्र में **त्रुटि होने पर** अभ्यर्थी अपना **आवेदन रद्द (Cancel)** कर **पुनः आवेदन** कर सकते हैं।

**(11) अभ्यर्थी उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग सन्निरीक्षा मार्गदर्शिका–2019 (यथा संशोधित), जो आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है, का अवलोकन अवश्य करें।** साक्षात्कार परीक्षा से पूर्व अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों/अभिलेखों की सन्निरीक्षा (Scrutiny) **विज्ञापन में उल्लिखित शर्तों एवं उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग सन्निरीक्षा मार्गदर्शिका–2019 (समय–समय पर यथा संशोधित)** में उल्लिखित प्राविधानानुसार सम्पादित की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन–पत्र में किये गये दावों की पुष्टि हेतु वांछित अभिलेख उपलब्ध न कराने पर अभ्यर्थी को प्रश्नगत परीक्षा हेतु अनर्ह घोषित कर दिया जायेगा।

**(12)** प्रश्नगत विज्ञापन के सापेक्ष परीक्षा के विभिन्न चरणों हेतु अभ्यर्थियों को प्रवेश–पत्र डाक द्वारा प्रेषित नहीं किये जायेंगे अपितु ऑनलाइन प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट पर जारी किये जायेंगे। अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे। इस संबंध में अभ्यर्थियों के सूचनार्थ विज्ञप्ति दैनिक समाचार पत्रों एवं आयोग की वेबसाइट **www.ukpsc.gov.in** पर प्रसारित की जायेगी।

**(13)** दिव्यांग अभ्यर्थी विभागानुसार पद हेतु चिन्हित श्रेणी (OA, OL, PB, PD) की निःशक्तता से ग्रस्त होने पर अनारक्षित पद के सापेक्ष आवेदन कर सकते हैं, भले ही उनके लिए कोई रिक्ति आरक्षित हो या न हो। उक्त श्रेणी के निःशक्तता से ग्रस्त ऐसे अभ्यर्थियों को योग्यता के सामान्य मानकों द्वारा ऐसे पदों पर नियुक्ति हेतु चुने जाने के लिए विचार किया जायेगा, परन्तु दिव्यांगजन को सरकारी सेवा में प्रवेश के समय दिव्यांगता की श्रेणी से भिन्न सामान्य स्वास्थ्य उपयुक्तता का प्रमाण पत्र नियमानुसार नियुक्ति प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

'उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य कनिष्ठ अभियन्ता सेवा परीक्षा–2021' हेतु इच्छुक/पात्र अभ्यर्थियों से विज्ञापन की शर्तानुसार ऑनलाइन आवेदन (Online Application) आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक/पात्र अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट पर **दिनांक 17 दिसम्बर, 2021** तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**2. रिक्तियों की संख्या :– 'उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य कनिष्ठ अभियन्ता सेवा परीक्षा–2021' के अन्तर्गत** रिक्तियों की कुल संख्या **776** है। रिक्तियों की संख्या बढ़ायी या घटायी जा सकती है। रिक्तियों का विभागवार विवरण निम्नवत् है :–

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम/वेतनमान | रिक्तियों की संख्या | अनिवार्य शैक्षिक अर्हता | अधिमानी अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रामीण निर्माण विभाग | कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) ₹44900-142400 (लेवल–7) | 170 (UR-107, SC-17, ST-10, OBC-19, EWS-17) | उत्तराखण्ड/उत्तर प्रदेश प्राविधिक परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। | (एक) प्रादेशिक सेना में दो वर्ष की न्यूनतम अवधि तक सेवा की हो, या<br>(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो, या<br>(तीन) राष्ट्रीय सेवा योजना का ''सी'' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो। |
| | | कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) ₹44900-142400 (लेवल–7) | 09 (UR-06, ST-01, OBC-01, EWS-01) | उत्तराखण्ड/उत्तर प्रदेश प्राविधिक परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से विद्युत इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। | (एक) प्रादेशिक सेना में दो वर्ष की न्यूनतम अवधि तक सेवा की हो, या<br>(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो, या<br>(तीन) राष्ट्रीय सेवा योजना का ''सी'' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो। |
| | | कनिष्ठ अभियन्ता (प्राविधिक) ₹44900-142400 (लेवल–7) | 03 (UR-02, OBC-01) | उत्तराखण्ड/उत्तर प्रदेश प्राविधिक परिषद अथवा किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल अभियंत्रण में डिप्लोमा। | (एक) प्रादेशिक सेना में दो वर्ष की न्यूनतम अवधि तक सेवा की हो, या<br>(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो। |
| 2 | सिंचाई विभाग | कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) ₹44900-142400 (लेवल–7) | 49 (UR-36, SC-02, ST-02, OBC-04, EWS-05) | **(क)** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय या संस्था द्वारा प्रदत्त यांत्रिक/ विद्युत अभियंत्रण में डिप्लोमा, अथवा<br>**(ख)** उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा प्रदत्त यांत्रिक/ विद्युत अभियंत्रण में डिप्लोमा, अथवा<br>**(ग)** अखिल भारतीय प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा प्रदत्त यांत्रिक/ विद्युत अभियंत्रण में राष्ट्रीय प्रमाण–पत्र। | (एक) प्रादेशिक सेना में कम से कम दो वर्ष तक सेवा की हो, या<br>(दो) नेशनल कैडेट कोर का ''बी'' अथवा ''सी'' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो, या<br>(तीन) यांत्रिक/विद्युत अभियंत्रण में स्नातक उपाधि प्राप्त की हो। |
| 3 | लघु सिंचाई विभाग | कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) ₹44900-142400 (लेवल–7) | 20 (UR-12, SC-02, OBC-04, EWS-02) | **(1)** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी संस्थान द्वारा प्रदत्त सिविल अभियंत्रण में तीन वर्षीय डिप्लोमा, या<br>**(2)** अखिल भारतीय प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा सिविल अभियंत्रण में प्रदत्त राष्ट्रीय प्रमाण–पत्र। | (एक) प्रादेशिक सेवा में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या<br>(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो। |
| | | कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) ₹44900-142400 (लेवल–7) | 16 (UR-08, SC-04, ST-01, OBC-02, EWS-01) | **(1)** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी संस्थान द्वारा प्रदत्त यांत्रिक अभियंत्रण में तीन वर्षीय डिप्लोमा, या<br>**(2)** अखिल भारतीय प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा यांत्रिक अभियंत्रण में प्रदत्त राष्ट्रीय प्रमाण–पत्र। | (एक) प्रादेशिक सेवा में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या<br>(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो। |
| | | कनिष्ठ अभियन्ता (कृषि) ₹44900-142400 (लेवल–7) | 03 (UR-02, OBC-01) | **(1)** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी संस्थान द्वारा प्रदत्त कृषि अभियंत्रण में तीन वर्षीय डिप्लोमा, या<br>**(2)** अखिल भारतीय प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा कृषि अभियंत्रण में प्रदत्त राष्ट्रीय प्रमाण–पत्र। | (एक) प्रादेशिक सेवा में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या<br>(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो। |
| 4 | पंचायतीराज विभाग | कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) ₹44900-142400 (लेवल–7) | 21 (UR-11, SC-03, ST-1, OBC-04, EWS-02) | निम्नलिखित में से किसी संस्था में सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त हो –<br>1– रूड़की विश्वविद्यालय, या<br>2– हीवेट इंजीनियरिंग स्कूल लखनऊ, या<br>3– सिविल इंजीनियरिंग कालेज, लखनऊ, या<br>4– अलीगढ़ इंजीनियरिंग कालेज, या<br>5– पूना इंजीनियरिंग कालेज, या | –– |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6– उड़ीसा इंजीनियरिंग कालेज, या<br>7– एम0जी0 टेक्निकल इंस्टीट्यूट या<br>राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य संस्था या राजकीय प्राविधिक शिक्षा परिषद् द्वारा दिया गया सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। | |
| 5 | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग | कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)<br>₹44900-142400<br>(लेवल–7) | 79<br>(UR-42, SC-03, ST-1, OBC-25, EWS-08) | शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था या विश्वविद्यालय से सिविल अभियन्त्रिकी में 03 वर्ष का डिप्लोमा किया हो। | (एक) प्रादेशिक सेना में कम से कम दो वर्ष तक सेवा की हो, या<br>(दो) नेशनल कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो। |
| 6 | लोक निर्माण विभाग | कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)<br>₹44900-142400<br>(लेवल–7) | 183<br>(UR-150, SC-06, ST-02, OBC-07, EWS-18) | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/पॉलिटेक्निक से सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। | 1. प्रादेशिक सेवा में न्यूनतम 02 वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या<br>2. राष्ट्रीय कैडिट कोर का 'बी' प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया हो और<br>3. प्रशिक्षणार्थी के रूप में सफलतापूर्वक एक वर्ष का प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया हो। |
| | | कनिष्ठ अभियन्ता (प्राविधिक)<br>₹44900-142400<br>(लेवल–7) | 16<br>(UR-07, SC-03, OBC-05, EWS-01) | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/पॉलिटेक्निक से सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। | 1. प्रादेशिक सेवा में न्यूनतम 02 वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या<br>2. राष्ट्रीय कैडिट कोर का 'बी' प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया हो और<br>3. प्रशिक्षणार्थी के रूप में सफलतापूर्वक एक वर्ष का प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया हो। |
| | | कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक)<br>₹44900-142400<br>(लेवल–7) | 02<br>(UR-01, SC-01) | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/पॉलिटेक्निक से यांत्रिक इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। | 1. प्रादेशिक सेवा में न्यूनतम 02 वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या<br>2. राष्ट्रीय कैडिट कोर का 'बी' प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया हो और<br>3. प्रशिक्षणार्थी के रूप में सफलतापूर्वक एक वर्ष का प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया हो। |
| | | कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत)<br>₹44900-142400<br>(लेवल–7) | 21<br>(UR-18, ST-01, EWS-02) | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/पॉलिटेक्निक से विद्युत इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। | 1. प्रादेशिक सेवा में न्यूनतम 02 वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या<br>2. राष्ट्रीय कैडिट कोर का 'बी' प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया हो और<br>3. प्रशिक्षणार्थी के रूप में सफलतापूर्वक एक वर्ष का प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया हो। |
| 7 | विद्युत सुरक्षा विभाग | विद्युत अवर अभियन्ता<br>₹44900-142400<br>(लेवल–7) | 09<br>(UR-06, SC-01, OBC-01, EWS-01) | सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय या संस्था से विद्युत अभियंत्रण में डिप्लोमा। | (एक) प्रादेशिक सेना में कम से कम दो वर्ष की सेवा की हो, या<br>(दो) नेशनल कैडेट कोर का ''बी'' अथवा ''सी'' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो। |
| 8 | आवास विभाग | अवर अभियन्ता (सिविल)<br>₹44900-142400<br>(लेवल–7) | 139<br>(UR-73, SC-27, ST-06, OBC-19, EWS-14) | राज्य सरकार/केन्द्र सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान/पॉलिटैक्निक/तकनीकी शिक्षण संस्था से सिविल अभियंत्रण में डिप्लोमा। | 1. क्षेत्रीय सेना में कम से कम 02 वर्ष की सेवा कर चुका हो, या<br>2. राष्ट्रीय कैडिट कोर का 'बी' श्रेणी का प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया हो। |
| 9 | कृषि विभाग | कनिष्ठ अभियन्ता (अधीनस्थ कृषि सेवा वर्ग–1 अभियंत्रण शाखा)<br>₹44900-142400<br>(लेवल–7) | 36<br>(UR-25, SC-05, ST-01, OBC-04, EWS-01) | किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कृषि/सिविल/मैकेनिक/विद्युत अभियांत्रिकी में 03 वर्ष का डिप्लोमा। | (एक) प्रादेशिक सेवा में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या<br>(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो। |

**3. पद का स्वरूप :** विज्ञापित सभी पद अराजपत्रित एवं अंशदायी पेंशनयुक्त हैं तथा कनिष्ठ अभियन्ता (प्राविधिक), ग्रामीण निर्माण विभाग एवं कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल), आवास विभाग के पद अस्थायी एवं अन्य विज्ञापित सभी पद स्थायी हैं।

**4. विज्ञापित पदों का विस्तृत विवरण : 'उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य कनिष्ठ अभियन्ता सेवा परीक्षा–2021'** में विभागवार/पदवार, उर्ध्वाधर एवं क्षैतिज आरक्षण का विवरण निम्नवत् है :–

| Department and post | Vertical Category | Total | कुल पदों के सापेक्ष क्षैतिज आरक्षण का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UF | PH | EXS | DFF | Orphan |
| ग्रामीण निर्माण विभाग कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) | UR | 107 | 32 | 4 (PB-2, PD-1, OL-1) | 5 | 2 | 1 |
| | SC | 17 | 5 | 1 (PB) | 1 | 0 | NA |
| | ST | 10 | 3 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | OBC | 19 | 6 | 1 (PB) | 1 | 0 | NA |
| | EWS | 17 | 5 | 1 (PB) | 1 | 0 | NA |
| ग्रामीण निर्माण विभाग कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) | UR | 6 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | SC | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | ST | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | OBC | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | EWS | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| ग्रामीण निर्माण विभाग कनिष्ठ अभियन्ता (प्राविधिक) | UR | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | SC | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | ST | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | OBC | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | EWS | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| सिंचाई विभाग कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) | UR | 36 | 11 | 2 (PB-1, PD-1) | 2 | 1 | 2 |
| | SC | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | ST | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | OBC | 4 | 1 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | EWS | 5 | 1 | 0 | 0 | 0 | NA |
| लघु सिंचाई विभाग कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) | UR | 12 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | SC | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | ST | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | OBC | 4 | 1 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | EWS | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| लघु सिंचाई विभाग कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) | UR | 8 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | SC | 4 | 1 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | ST | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | OBC | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | EWS | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| लघु सिंचाई विभाग कनिष्ठ अभियन्ता (कृषि) | UR | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | SC | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | ST | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | OBC | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | EWS | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| पंचायतीराज विभाग कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) | UR | 11 | 3 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| | SC | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | ST | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | OBC | 4 | 1 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | EWS | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पेयजल विभाग कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) | UR | 42 | 12 | 3 (PB-1, PD-1, OA/OL-1) | 2 | 0 | 1 |
| | SC | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | ST | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | OBC | 25 | 7 | 1 (PB) | 1 | 0 | NA |
| | EWS | 8 | 2 | 0 | 0 | 0 | NA |
| लोक निर्माण विभाग कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) | UR | 150 | 42 | 16 (PB-2, PD-09, OA-3, OL-2) | 7 | 3 | 7 |
| | SC | 6 | 2 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | ST | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | OBC | 7 | 2 | 2 (PD) | 0 | 0 | NA |
| | EWS | 18 | 5 | 1 (PB) | 1 | 0 | NA |
| लोक निर्माण विभाग कनिष्ठ अभियन्ता (प्राविधिक) | UR | 7 | 2 | 1 (OA) | 0 | 0 | 0 |
| | SC | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | ST | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | OBC | 5 | 2 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | EWS | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| लोक निर्माण विभाग कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) | UR | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | SC | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | ST | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | OBC | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | EWS | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| लोक निर्माण विभाग कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) | UR | 18 | 5 | 1 (PB) | 1 | 0 | 1 |
| | SC | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | ST | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | OBC | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | EWS | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| विद्युत सुरक्षा विभाग अवर विद्युत अभियन्ता | UR | 6 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | SC | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | ST | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | OBC | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | EWS | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| आवास विभाग कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) | UR | 73 | 22 | 3 (PB-1, PD-1, OA/OL-1) | 4 | 1 | 3 |
| | SC | 27 | 8 | 1 (PD) | 1 | 0 | NA |
| | ST | 6 | 1 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | OBC | 19 | 6 | 1(PB) | 1 | 0 | NA |
| | EWS | 14 | 4 | 1(PB) | 0 | 0 | NA |
| कृषि विभाग कनिष्ठ अभियन्ता (अधीनस्थ कृषि सेवा वर्ग–1 अभियंत्रण शाखा) | UR | 25 | 8 | 1 (PD) | 1 | 0 | 0 |
| | SC | 5 | 2 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | ST | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | OBC | 4 | 1 | 0 | 0 | 0 | NA |
| | EWS | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | NA |

**नोट–**(i) प्रत्येक विभाग के अन्तर्गत विज्ञापित पद के सापेक्ष दिव्यांगजन हेतु आरक्षण, उक्तांकित तालिका में उल्लिखित दिव्यांगता की श्रेणी (यथा OA, OL, PB, PD) हेतु ही अनुमन्य है।

(ii) उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या : 1196 दिनांक 25 मार्च, 2011 के द्वारा कनिष्ठ अभियन्ता पद हेतु दिव्यांगजन की श्रेणी (OA, OL, PB, PD) चिन्हित की गयी है। तद्क्रम में उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश

संख्या : 232 दिनांक 26 सितम्बर, 2018 के प्रस्तर–6 के अनुक्रम में दिव्यांगता की श्रेणी (OA, OL, PB, PD) के अभ्यर्थी अपने आरक्षण की मूल उर्ध्वाधर (Vertical) श्रेणी के अन्तर्गत आवेदन कर सकते हैं।

(iii) प्रश्नगत विज्ञापन के अन्तर्गत विज्ञापित पदों के सापेक्ष दिव्यांगता की उपश्रेणी (OA, OL, PB, PD) के अतिरिक्त अन्य दिव्यांगता श्रेणी के अभ्यर्थी आवेदन हेतु पात्र नहीं हैं।

**5. <u>कनिष्ठ अभियन्ता–समूह 'ग' के पदों पर भर्ती के लिए अन्य अनिवार्य/वांछनीय अर्हता निम्नवत् है–</u>**

**(i) उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की परिधि के अन्तर्गत तथा लोक सेवा आयोग की परिधि के बाहर समूह 'ग' के पदों की भर्ती के लिए अनिवार्य/वांछनीय अर्हता नियमावली, 2010 एवं यथा संशोधन नियमावली, 2019 में उल्लिखित प्राविधानों एवं विशेष अपील संख्या : 932/2018 में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 05.12.2018 को पारित निर्णय के अनुसार निर्धारित की जायेगी।**

परन्तु शासन के पत्रांक : 1097/XXX(2)/2011, दिनांक 08 अगस्त, 2011 के अनुसार ''जो व्यक्ति पूर्व से ही राज्याधीन सेवाओं में सेवायोजित है, किन्तु इस विज्ञापन में विज्ञापित पदों के सापेक्ष आवेदन करने के इच्छुक हैं, उनके लिए सेवायोजन कार्यालय में पंजीकरण की अनिवार्यता नहीं है। **उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्या–**310/XXX(2)/2015 **दिनांक 28.07.2015 के अनुसार समूह 'ग' के पद हेतु केवल राज्याधीन सेवाओं में कार्यरत व्यक्ति को ही सेवायोजन कार्यालय में पंजीकरण की अनिवार्यता नहीं है, जिसमें केन्द्र अथवा अन्य राज्य की सेवाऐं सम्मिलित नहीं है।**

**(ii)** शासन के पत्रांक : 809/XXX(2)/2010-3(1)/2010, दिनांक 14 अगस्त, 2012 के अनुसार ''जिन पूर्व सैनिकों द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के किसी जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में पंजीकरण कराया गया है, उन्हें पुनः सेवायोजन कार्यालय में पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं होगी और जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय द्वारा सम्बन्धित पूर्व सैनिकों को निर्गत पंजीकरण सम्बन्धी प्रमाण पत्र को सेवायोजन कार्यालय में पंजीकरण के समतुल्य माना जाएगा।''

**6. <u>आयु</u> :–** आयु गणना की विनिश्चायक तिथि 01 जुलाई, 2021 है। यद्यपि सीधी भर्ती द्वारा चयन के लिए कनिष्ठ अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग एवं पंचायतीराज विभाग हेतु न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष एवं अन्य सभी विभागों हेतु न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष तथा सभी विभागों हेतु अधिकतम 42 वर्ष निर्धारित है, किन्तु उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या : 191/XXX (2)/2021-30(10)/2019 दिनांक 26 जुलाई, 2021 के द्वारा लोक सेवा आयोग की परिधि के अन्तर्गत समूह 'ग' के पदों पर चयन वर्ष 2021–22 हेतु अधिकतम आयुसीमा में 01 वर्ष की छूट प्रदान की गयी है।

इस प्रकार आयु गणना की विनिश्चायक तिथि 01 जुलाई, 2021 को अभ्यर्थी की आयु ग्रामीण निर्माण विभाग एवं पंचायतीराज विभाग हेतु न्यूनतम 18 वर्ष तथा विज्ञापित अन्य सभी विभागों हेतु न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 43 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, अर्थात

इस प्रकार आयु गणना की विनिश्चायक तिथि 01 जुलाई, 2021 को कनिष्ठ अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग एवं पंचायतीराज विभाग हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थी का जन्म 01 जुलाई, 2003 के पश्चात एवं अन्य विज्ञापित सभी विभागों हेतु 01 जुलाई, 2000 के पश्चात् तथा 02 जुलाई, 1978 से पूर्व का नहीं होना चाहिए।

**7. <u>अधिकतम आयु सीमा में छूट</u> :–** विभिन्न श्रेणियों/उपश्रेणियों के अभ्यर्थियों हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत एवं वर्तमान में प्रचलित शासनादेशों के अनुसार उच्चतम आयु सीमा में उनके आरक्षण की श्रेणी तथा उप श्रेणी के अनुसार छूट प्रदान की जायेगी।

उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति/उत्तराखण्ड अनुसूचित जनजाति/उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को शासनादेश संख्या : 1399/XXX(2)/2005 दिनांक 21 मई, 2005 द्वारा सीधी भर्ती हेतु अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट अनुमन्य है।

उत्तराखण्ड के दिव्यांग अभ्यर्थियों को शासनादेश संख्या : 1244/XXX(2)/2005 दिनांक 21 मई, 2005 द्वारा समूह–'ग' के पदों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट अनुमन्य है।

उत्तराखण्ड के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित अभ्यर्थियों के लिए शासनादेश संख्या : 1244/XXX (2)/2005 दिनांक 21 मई, 2005 द्वारा अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट अनुमन्य है।

अधिसूचना संख्या : 6/1/72 कार्मिक–2 दिनांक 25 अप्रैल, 1977 के अनुसार उत्तराखण्ड के पूर्व सैनिकों को अपनी वास्तविक आयु में से सशस्त्र सेना में अपनी सेवा की अवधि कम करने की अनुमति दी जायेगी और यदि परिणामजन्य आयु इस पद/सेवा के निमित्त जिनके लिए वह नियुक्ति का इच्छुक हो विहित अधिकतम आयु सीमा से 03 वर्ष से अधिक न हो तो यह समझा जायेगा की वह उच्च आयु सीमा से सम्बन्धित शर्त को पूरा करता है।

शासनादेश सं0 दिनांक 18 जनवरी, 2021 में यह उल्लिखित है कि शासनादेश सं0 124, दिनांक 22 मई, 2020 द्वारा भूतपूर्व सैनिकों को राज्याधीन सेवाओं में सेवायोजन के संबंध में दिशा–निर्देश निर्गत हैं। भारत सरकार के O.M. No. 36034/6/90-Estt. (SCT) दिनांक 02 अप्रैल, 1992 के संदर्भ में शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि the ex-servicemen candidates who have already secured employment under the State Govt. in Groups C & D will be permitted the benefit of age relaxation as prescribed for ex-servicemen for securing another employment in a higher grade or cadre in Group C/D under the State Govt. However such candidates will not be eligible for the benefit of reservation for ex-servicemen in State Govt. jobs.

यदि अभ्यर्थी एक से अधिक उपश्रेणी का दावा करता है तो वह केवल एक उपश्रेणी, जो उसके लिए अधिक लाभदायक होगी, का लाभ पाने का पात्र होगा।

**8. आरक्षण :–** उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं अनाथ अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण भर्ती के समय प्रवृत्त सरकारी आदेशों के अनुसार प्रदान किया जायेगा। ऊर्ध्वाधर एवं क्षैतिज आरक्षण, शासन द्वारा निर्गत तथा अद्यतन प्रचलित शासनादेश के आधार पर केवल उत्तराखण्ड राज्य के अधिवासी अभ्यर्थियों को ही अनुमन्य होगा। आरक्षण संबंधी शासनादेशों के विस्तृत विवरण हेतु आयोग की वेबसाइट www.ukpsc.gov.in देखें।

**(क)** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, अनाथ, पूर्व सैनिक, निःशक्त (विकलांग), स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित (डी0एफ0एफ0) तथा महिला श्रेणी के ऐसे अभ्यर्थी, जो उत्तराखण्ड राज्य के अधिवासी नहीं हैं, को आरक्षण का लाभ अनुमन्य नहीं होगा।

**(ख)** यदि अभ्यर्थी एक से अधिक उपश्रेणी में आरक्षण का दावा करता है तो वह केवल एक उपश्रेणी, जो उसके लिए अधिक लाभदायक होगी, का लाभ पाने का पात्र होगा।

**(ग)** ऑनलाईन आवेदन पत्र के संबंधित कॉलम में उर्ध्व/क्षैतिज श्रेणी का दावा करने पर ही आरक्षण का लाभ अनुमन्य किया जायेगा।

**(घ)** शासन द्वारा जारी अधिसूचना संख्या : 29/XXXVI(3)/2019/03(1)/2019 दिनांक 05.02.2019 के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण का लाभ मात्र उत्तराखण्ड राज्य के स्थायी निवासी अभ्यर्थियों को ही अनुमन्य होगा। इस श्रेणी के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में किसी भी प्रकार की छूट अनुमन्य नहीं है।

**(ड़)** आरक्षण के लाभ का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के पास अपनी श्रेणी/उपश्रेणी के समर्थन में विज्ञापन के **"परिशिष्ट–3"** में मुद्रित निर्धारित प्रारुप पर सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र होना आवश्यक है, जिसे उन्हें ऑनलाइन आवेदन पत्र की छायाप्रति के साथ साक्षात्कार परीक्षा से पूर्व आयोग द्वारा निर्धारित तिथि तक आयोग कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। आरक्षण के सम्बन्ध में जिस श्रेणी से सम्बन्धित निर्धारित प्रारुप का उल्लेख **"परिशिष्ट–3"** में नहीं है, उससे सम्बन्धित प्रमाण पत्र, जो सम्बन्धित विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारुप पर जारी किया गया हो, संलग्न करें। जहां शपथ पत्र प्रस्तुत करना भी आवश्यक हो वहां वांछित शपथ पत्र मजिस्ट्रेट अथवा नोटरी द्वारा विधिवत प्रमाणित कराकर साक्षात्कार परीक्षा से पूर्व ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ अवश्य संलग्न कर प्रस्तुत करें।

**(च)** विकलांग आरक्षण के लाभ हेतु विकलांगता की विभिन्न श्रेणियों में से किसी एक श्रेणी में कम से कम **40 प्रतिशत की विकलांगता** होना अनिवार्य है। जो भी पद जिस विकलांगता श्रेणी हेतु आरक्षित हैं, उसी विकलांगता श्रेणी हेतु आरक्षण अनुमन्य किया जायेगा।

**(छ)** पूर्व सैनिक आरक्षण का लाभ शासनादेश संख्या : 133/XXXVI(3)2009/14(1)/2009 दिनांक 16.03.2009 के अनुसार सेना से सेवानिवृत्त/विनियोजित सैन्यकर्मियों को ही अनुमन्य होगा। शासनादेश संख्या : 124/XXX(2)/2020-53(01)/2001 दिनांक 22.05.2020 के प्रस्तर–8 के अनुसार पूर्व सैनिकों को राज्याधीन सेवाओं में सेवायोजन के संदर्भ में भारत सरकार के O.M. No. 36034/27/84-Estt. (SCT) dated 02.05.1985, it was decided that once an ex-serviceman has joined the Government job on civil side after availing of the benefits given to him as an ex-serviceman for his re-employment, his ex-serviceman status for the purpose of re-employment in Government would cease" का प्राविधान राज्य सरकार द्वारा अंगीकृत किया गया है। अतएव राज्याधीन सेवाओं में सेवायोजन हेतु भारत सरकार की नीति के अनुसार राज्याधीन सेवाओं में भी क्षैतिज आरक्षण की गणना की जायेगी। **पूर्व सैनिक आरक्षण का दावा किए जाने की स्थिति में अभ्यर्थी को पूर्व सैनिक आरक्षण का लाभ लेकर पहले कभी भी सरकारी सेवा में नियोजित नहीं होने संबंधी शपथ पत्र (Affidavit) अपने अन्य अभिलेखों के साथ साक्षात्कार परीक्षा से पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि तक आयोग कार्यालय में जमा कराना होगा।**

**(ज)** स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के आश्रित को आरक्षण का लाभ शासन द्वारा निर्गत अद्यतन प्रचलित शासनादेशों के आधार पर दिया जायेगा।

**(झ)** आरक्षण के दावे की पुष्टि के लिए जिलाधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट/नगर मजिस्ट्रेट/एस.डी.एम./तहसीलदार द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के निर्धारित प्रपत्र पर जारी जाति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा। शासनादेश संख्या : 310/XVII-2/16-02(OBC)/2012 दिनांक 26.02.2016 द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र की वैधता, निर्गत होने की तिथि से 03 वर्ष की अवधि तक है। अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि को अवश्य वैध होना चाहिये।

**(ञ)** शासन द्वारा जारी अधिसूचना संख्या : 397/XXX(2)2019-30(2)/2019 दिनांक 17 दिसम्बर, 2019 द्वारा उत्तराखण्ड राज्य में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के अन्तर्गत संचालित स्वैच्छिक/राजकीय गृहों में निवासरत अनाथ बच्चों को क्षैतिज आरक्षण अनुमन्य किया गया है। सम्बन्धित प्रमाण पत्र जनपद के जिला प्रोबेशन अधिकारी की संस्तुति पर उप जिलाधिकारी से अन्यून अधिकारी द्वारा निर्गत किया गया हो।

**(ट)** शासनादेश संख्या : 374(1)/XXX(2)/2019-30(5)/2014 दिनांक 20 नवम्बर, 2019 के अनुपालन में दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को श्रुतलेखक एवं अन्य सुविधा प्रदान किए जाने के संबंध में मार्गदर्शिका सिद्वांत **परिशिष्ट–4** के साथ संलग्न है।

**9. राष्ट्रीयता :** सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी –

**(क)** भारत का नागरिक हो; या

**(ख)** तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी निवास करने के अभिप्राय से 01 जनवरी, 1962 के पूर्व आया हो; **या**

**(ग)** भारतीय उद्भव का ऐसा व्यक्ति हो, जिसने भारत में स्थायी रूप से निवास करने के अभिप्राय से पाकिस्तान, म्यांमार (पूर्ववर्ती बर्मा), श्रीलंका (पूर्ववर्ती सीलोन) या किसी पूर्वी अफ्रीकी देश केनिया, युगान्डा या युनाईटेड रिपब्लिक ऑफ तंजानिया (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंजीबार) से प्रवर्जन किया हो :

परन्तु उपर्युक्त श्रेणी (ख) और (ग) के अभ्यर्थी को ऐसा व्यक्ति होना चाहिये, जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण–पत्र जारी किया गया हो :

परन्तु यह और कि श्रेणी (ख) के अभ्यर्थी से यह भी अपेक्षा की जायेगी कि वह पुलिस उप–महानिदेशक, अभिसूचना शाखा, उत्तराखण्ड से पात्रता का प्रमाण–पत्र प्राप्त कर ले;

परन्तु यह भी कि यदि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त श्रेणी (ग) का हो तो पात्रता प्रमाण–पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए जारी नहीं किया जायेगा और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष की अवधि के आगे सेवा में इस शर्त पर रहने दिया जायेगा कि वह भारत की नागरिकता प्राप्त कर ले।

**टिप्पणी :–** ऐसे अभ्यर्थी को, जिसके मामले में पात्रता का प्रमाण–पत्र आवश्यक हो, किन्तु वह न तो जारी किया गया हो और न देने से इन्कार किया गया हो, किसी परीक्षा या साक्षात्कार में सम्मिलित किया जा सकता है और उसे इस शर्त पर अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है कि आवश्यक प्रमाण–पत्र उसके द्वारा प्राप्त कर लिया जाय या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाये।

**10. चरित्र :–** सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए कि वह सरकारी सेवा में सेवायोजन के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त हो सके। नियुक्ति प्राधिकारी इस सम्बन्ध में अपना समाधान कर लेगा।

**टिप्पणी :–** संघ सरकार या किसी राज्य सरकार या संघ सरकार या किसी राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी स्थानीय प्राधिकारी या किसी निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे। नैतिक अधमता के किसी अपराध के लिये दोष सिद्ध व्यक्ति भी पात्र नहीं होंगे।

**11. वैवाहिक प्रास्थिति :–** सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए ऐसा पुरूष अभ्यर्थी पात्र न होगा, जिसकी एक से अधिक पत्नियाँ जीवित हों या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र न होगी, जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो, जिसकी पहले से एक पत्नी जीवित हो :

परन्तु राज्यपाल किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकते हैं, यदि उसका यह समाधान हो जाए कि ऐसा करने के लिए विशेष कारण विद्यमान हैं।

**12. शारीरिक स्वस्थता :–** किसी अभ्यर्थी के लिए सेवा में किसी मौलिक रिक्ति पर नियुक्ति करने से पूर्व यह आवश्यक है कि वह वित्तीय हस्त पुस्तिका, खण्ड–2, भाग–3 के अध्याय–3 में दिये गये मूल नियम–10 के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार किसी मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त इस आशय का स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करे कि वह मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ है और वह किसी ऐसे शारीरिक रोग से मुक्त है, जिससे उसे अपने शासकीय कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की सम्भावना हो।

**13. आवेदन कैसे करें :–** इच्छुक अभ्यर्थियों से आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट www.ukpsc.gov.in पर उपलब्ध निर्देशानुसार अपना ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 दिसम्बर, 2021 (रात्रि 11:59:59 बजे तक) है।

## 14.ऑनलाइन आवेदन किये जाने हेतु प्रक्रिया

(1) अभ्यर्थी विज्ञापन का सम्यक् रूप से अवलोकन करने हेतु आयोग की वेबसाइट www.ukpsc.gov.in या https://ukpsc.net.in पर जायें।

(2) विज्ञापन का अवलोकन करने के पश्चात https://ukpsc.net.in पर जाकर MenuBar में Apply Now लिंक पर क्लिक करें। Apply Now page पर Instructions for filling up online application form को सावधानीपूर्वक पढ़ने के पश्चात Apply Now पर क्लिक करें।

(3) Apply Now पर क्लिक करने के पश्चात् खुले Registration फॉर्म पर अपनी सही जानकरी भरकर Login हेतु Password बनाकर Continue पर क्लिक करें। Continue पर क्लिक करने के पश्चात फॉर्म पर भरी जानकारी Confirm Filled Information फॉर्म पर प्रदर्शित होगी। भरी हुई जानकारी का पुनः सम्यक परीक्षण कर लें।

यदि भरी हुई जानकारी सही है तो I have verified all the details entered by me in the registration form and wish to submit the same पर Tick कर Submit पर क्लिक करें, अन्यथा No, I want to change some details पर Tick कर Edit Data पर क्लिक करें एवं संशोधित detail भरने के पश्चात् पुनः Registration फार्म Submit करने की प्रक्रिया पूर्ण करें।

(4) Submit पर क्लिक करने के पश्चात स्क्रीन पर Primary Registration पूर्ण होने की जानकारी प्रदर्शित होगी एवं Registered Mobile No एवं Email पर Message प्राप्त होगा। तत्पश्चात स्क्रीन पर Click here to login के लिंक पर क्लिक करें।

(5) Login करने के पश्चात Educational Details पर क्लिक कर फॉर्म पर Post Information के अन्तर्गत Post Information में जिस पद हेतु आवेदन करना चाहते है Tick करें। एक से अधिक पद के सापेक्ष आवेदन करने की स्थिति में जिस पद/पदों हेतु आवेदन करना चाहतें है उसके समक्ष Tick करें। पद/पदों का चयन करने के उपरान्त चयन किये गये पदों का विवरण Selected Post के अन्तर्गत प्रदशित होगा।

फॉर्म पर Educational Qualifications के अन्तर्गत High School, Intermediate, Graduation, etc का विवरण भरकर Add Education Details पर क्लिक करें। भरी हुई Education का विवरण Add Education Details के नीचे ग्रिड में प्रदर्शित होगा। एक से अधिक Education का विवरण भरने की स्थिति में Clear पर क्लिक कर Diploma Graduation/Post Graduation Details etc में Qualification Type में पुनः Graduation/Post Graduation etc का चयन कर विवरण भरकर Add Education Details पर क्लिक करें।इसी प्रकार फार्म में प्रदर्शित प्रविष्टियां भरकर सबमिट बटन पर क्लिक करें।

(6) तत्पश्चात दी गयी Warning का सम्यक अध्ययन कर Continue बटन पर क्लिक करें। ततपश्चात् Upload Images पर क्लिक कर Photo एवं Signature को प्रदर्शित सूचना के आधार पर अपलोड करें। Photo एवं Signature के अपलोड होने के पश्चात फॉर्म में भरा गया डाटा स्क्रीन पर दिखाई देगा, घोषणा को Tick करने के बाद Click here for Final Submission पर क्लिक करें। तत्पश्चात Print Application Form पर क्लिक कर ऑनलाईन आवेदन का प्रिंटआउट प्राप्त करें।

(7) Final Submission के उपरान्त आवेदन पत्र में **त्रुटि होने पर** अभ्यर्थी अपना **आवेदन रद्द (Cancel)** कर **पुनः आवेदन** कर सकते हैं। **आवेदन रद्द (Cancel)** करने के लिए Login कर Cancel My Application बटन पर क्लिक करें। तत्पश्चात् एक नई विंडो ओपन होगी, जिसमें दी गयी घोषणा का सम्यक् अध्यन करने के पश्चात घोषणा को Tick कर Proceed to Cancel बटन पर क्लिक करें अथवा वापस जाने हेतु Back बटन पर क्लिक करें। Proceed to Cancel पर क्लिक करने के पश्चात अभ्यर्थी के पजींकृत मोबाइल पर ओ0टी0पी0 प्राप्त होगा, जिसको की Enter OTP वाली फील्डस पर दर्ज कर Cancel Application बटन पर क्लिक करें। आवदेन **रद्द (cancel)** करने के पश्चात् उस रद्द आवेदन के सापेक्ष किसी भी दशा में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(8) अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा के सम्बन्ध में यदि कोई गलत सूचना अथवा अभिलेख प्रस्तुत किये जाते हैं, तो उन्हें सम्बन्धित परीक्षा व आयोग द्वारा प्रस्तावित समस्त परीक्षाओं से प्रतिवारित (Debar) किया जा सकता है।

**नोट : 1** Final Submission किये जाने से पूर्व अभ्यर्थी द्वारा आवेदन–पत्र में त्रुटि होने की दशा में संशोधन किया जा सकता है। संशोधन हेतु अभ्यर्थी Email-Id/Mobile Number एवं Password के माध्यम से Login करने के पश्चात् Update Personal Information पर क्लिक कर, Personal Information, Update Educational Information पर क्लिक कर, Educational Qualification एवं Reload Images पर क्लिक कर, Photo एवं Signature को पुनः अपलोड़ कर सकते हैं। **ध्यान रखें कि नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि, ई–मेल आई0डी0 एवं मोबाइल न0 को Edit/Update नहीं किया जा सकता। ऑनलाइन आवेदन करते समय उत्पन्न समस्या के समाधान हेतु अभ्यर्थी** ukpschelpline@gmail.com **पर ई–मेल कर सकते हैं।**

2 Final Submission **के पश्चात्** आवेदन–पत्र में भरे गये डाटा में अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रकार का संशोधन नही किया जा सकता है।

**15. शुल्क :–** उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या : 332/XXX(2)/2021/55(35)/2003 दिनांक 03 अक्टूबर, 2021 द्वारा कोविड–19 से रोजगार एवं अर्थव्यवस्था पर पड़े प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए भर्ती के लिए आमंत्रित आवेदन पत्रों हेतु लिए जाने वाले शुल्क के व्यय भार से आवेदकों को मुक्त करने हेतु दिनांक 31.03. 2022 तक आवेदन शुल्क न लिए जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त के दृष्टिगत प्रश्नगत परीक्षा में आवेदकों से आवेदन शुल्क नहीं लिया जायेगा।

**16. अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण निर्देश :–**

1. आयोग द्वारा सम्पन्न की जाने वाली सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया अद्यतन प्रचलित अधिनियमों/नियमावलियों/मैनुअल्स/मार्ग–दर्शक सिद्धान्तों एवं समय–समय पर आयोग द्वारा लिये गये निर्णयों इत्यादि में वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत सम्पन्न की जायेगी। अभ्यर्थियों हेतु **Uttarakhand Public Service Commission (Procedure and Conduct of Business) Rules–2013** और उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग परीक्षा परिणाम निर्माण प्रक्रिया नियमावली–2012, 2013 (प्रथम संशोधन), 2014 (द्वितीय संशोधन), (तृतीय संशोधन–2015) व (चतुर्थ संशोधन–2016) आयोग की वेबसाइट **www.ukpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।
2. अभ्यर्थियों को परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र डाक द्वारा प्रेषित नहीं किये जायेंगे अपितु आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकेंगे। इस सम्बन्ध में अभ्यर्थियों की सूचना हेतु विज्ञप्ति दैनिक समाचार पत्रों एवं आयोग की वेबसाइट www.ukpsc.gov.in पर प्रसारित की जायेगी।
3. लिखित प्रकृति (वस्तुनिष्ठ प्रकार) परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार का प्रश्नपत्र होगा तथा प्रश्नों के मूल्यांकन में ऋणात्मक पद्धति अपनाई जायेगी।
4. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड–**वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्रों में अभ्यर्थियों द्वारा दिये गये गलत उत्तरों के लिए दण्ड (ऋणात्मक मूल्यांकन) दिया जायेगा–

